पत्रांक - ब.16/बी0एस0जी0-68/2019(खण्ड)- 963 /वि0

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग**

प्रेषक,

**रचना पाटिल,** भा0प्र0से0
सचिव(व्यय)

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
ग्रामीण कार्य/ शिक्षा/ स्वास्थ्य/ पथ निर्माण/ समाज कल्याण/ आपदा प्रबंधन/ डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन/ खेल/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण/ जल संसाधन/ गृह/ कला एवं संस्कृति / सहकारिता/ पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण/ पंचायती राज/ खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण/ ग्रामीण विकास/ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन/ अल्पसंख्यक कल्याण/ कृषि/ पर्यटन /अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण/ ऊर्जा/ उद्योग/ श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण/ नगर विकास एवं आवास/युवा, रोजगार एवं कौशल विकास/उच्च शिक्षा/सिविल विमानन विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक 15/12/2025

विषयः- **वित्त मंत्री, भारत सरकार के साथ राज्यों के वित्त मंत्रियों की बजट (2026-27) पूर्व बैठक हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष केन्द्रीय वित्त मंत्री के साथ राज्यों के वित्त मंत्रियों की केन्द्रीय बजट पर बजट-पूर्व बैठक संपन्न होती है । उक्त बैठक में माननीय वित्त मंत्री द्वारा राज्य के प्रमुख मुद्‌दों को रखा जाता है ।

2. केन्द्रीय वित्त मंत्री के साथ राज्यों के वित्त मंत्रियों की केन्द्रीय बजट 2026-27 पर संभावित बजट-पूर्व बैठक हेतु सभी विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्‌दों को भारत सरकार के समक्ष रखा जाना है । इस हेतु मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक आहूत की जानी है ।

3. अतः उपर्युक्त बजट-पूर्व बैठक हेतु अपने विभाग के महत्वपूर्ण मुद्‌दों से संबंधित प्रतिवेदन (हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में) (हिन्दी के लिए Richa Wide Font एवं अंग्रेजी के लिए Times New Roman Font) दिनांक 22.12.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक संयुक्त सचिव-सह-बजट पदाधिकारी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, ताकि राज्य की ओर से उक्त बजट-पूर्व बैठक हेतु समेकित प्रतिवेदन तैयार किया जा सके ।

विश्वासभाजन

**(रचना पाटिल)**
सचिव(व्यय)